>

Title: Regarding better passenger facilities at the Civil Airport, Gorakhpur, Uttar Pradesh.

श्री पूर्णमासी राम (गोपालगंज): महोदय, सिविल एयरपोर्ट टर्मिनल, गोरखपुर की टर्मिनल बिल्डिंग तीन कमरे की ही है। वहां यात्रियों के बैठने के लिए मात्र 18 व्यक्तियों के बैठने का स्थान बना है जबकि प्रतिदिन वहां 100 से अधिक यात्री आते-जाते हैं। वीआईपी रूम न के समान है, कमरे की सफाई भी ठीक से नहीं होती है, कैंटीन की व्यवस्था नहीं होने के कारण यात्रियों को चाय-पानी मिलना भी कठिन होता है। मैं आपके माध्यम से माननीय नागर विमानन मंत्री जी से मांग करना चाहूंगा कि यात्रियों के हित में उक्त भवन का विस्तार कराते हुए वहां एक कैंटीन की भी व्यवस्था कराने का कष्ट करें।